भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 564

17.09.2020 को उत्तर देने के लिए

कोविड वैश्विक महामारी के दौरान स्वदेश लाए गए नागरिक

564. श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कोरोना संक्रमण के दौरान अब तक कितने नागरिकों को भारत वापस लाया गया है, विद्यार्थियों की संख्या सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) कितने नागरिक स्वयं के खर्च पर और कितने नागरिक सरकारी खर्च पर भारत आए हैं, खर्च की गई कुल राशि सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) भारत आने के बाद उक्त नागरिकों में से कितने नागरिक कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए, कितने नागरिकों को क्वारंटीन किया गया, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

[श्री वी. मुरलीधरन]

(क) और (ख) कोरोना वायरस महामारी के दौरान भारत वापस लाए गए भारतीय नागरिकों की कुल संख्या 14,12,835 है। पंजीकरण के समय यात्रियों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, वंदे भारत मिशन के तहत लगभग 56,874 छात्र भारत वापस आए हैं। वंदे भारत मिशन के अंतर्गत यात्रियों अथवा प्रायोजितकर्ता कंपनियों को टिकट खरीदने होते हैं। इसके अतिरिक्त, विदेश स्थित भारतीय मिशनों ने मुसीबत में फंसे 62,000 भारतीय नागरिकों की भारतीय सामुदायिक कल्याण कोष (आईसीडब्ल्यूएफ) से सहायता की है।

(ग) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार भारत आगमन पर कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए यात्रियों की कुल संख्या 3248 थी।

***